की। इसने हमें बताया कि तप और श्रम से युक्त अर्थ और काम मानव-जीवन के व्यावहारिक विकास पथ को प्रशस्त बनाते हैं। तप और श्रम से हीन अर्थ और काम व्यक्ति को भोगी और उच्छृंखल बना देते हैं, जिससे समाज में विश्वासहीनता बढ़ती है। वेदों की संस्कृति में धर्म को जीवन के हर क्षेत्र में व्यापक स्थान मिला है। यही कारण है कि हमारे मनीषियों ने प्रकृति में सर्वत्र अपने आराध्य देव का दर्शन किया है, अपने पारिवारिक सम्बन्धों का अनुभव किया है। वस्तुतः वैदिक चिन्तन परम्परा में प्रकृति और मनुष्य को अलग-अलग कर नहीं देखा गया है इसीलिए अनेकता में अनुस्यूत एकता को अपनी अन्तर्दृष्टि से देखता हुआ वैदिक ऋषि पूरे विश्व को एक नीड़ मानता है– 'यत्र विश्वं भवत्येकनीडम्'। यही वेद की समग्र दृष्टि है। इससे यह प्रतीत होता है कि वैदिक परम्परा में मनुष्य और प्रकृति को लेकर गम्भीर चिन्तन किया है। यदि हम वेदों में प्रतिपादित मूल्यों को वर्तमान समय में अपनाते हैं तो निश्चय ही हमारा भविष्य अच्छा होगा।

40
वैदिक प्रकृति में अग्नि: आधुनिक परिप्रेक्ष्य

डॉ॰ इंदु सोनी
असिस्टेण्ट प्रोफेसर
जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

indusoni15@gmail.com

प्रकृति में पञ्चमहाभूतों से ही सृष्टि निर्माण हुआ है, जिनमें ऋग्वेदीय देवों में अग्नि का सबसे प्रमुख स्थान है। वैदिक मन्त्रों के अनुसार अग्नि नेतृत्व शक्ति से सम्पन्न, यज्ञ की आहुतियों को ग्रहण करने वाला तथा तेज एवं प्रकाश का अधिष्ठाता है। वैदिक आख्यानों के अनुसार मातरिश्वा, भृगु तथा अङ्गिरा ऋषि इसे भूतल पर लाए, जहाँ इसे द्यावापृथिवी का पुत्र बताया गया है। अग्नि पार्थिव देव है, यज्ञाग्नि के रूप में इसके मूर्तिकरण के कारण ही इसे ऋत्विक्, होता और पुरोहित बताया गया है। यह यजमानों के द्वारा विभिन्न देवों के उद्देश्य से अपने में प्रक्षिप्त हविष् को उनके पास पहुँचाता है। आधुनिक परिप्रेक्ष्य में यही अग्नि तत्व है, जो आध्यात्मिक, आधिदैविक के साथ साथ आधिभौतिक पक्ष में भी मानव को सहज और सरलता के साथ प्राकृतिक तत्वों को जानने की समझ देता है। इसी कारण अग्नि को तीन स्थानीय देवों (पृथ्वी, अन्तरिक्ष,द्युलोक) में पृथ्वी स्थान दिया है। अग्नि ही है, जो दुष्टात्माओं और आक्रामक,अभिचारों को समाप्त कर, अपने प्रकाश से राक्षसों को भगाने के कारण रक्षोहन् कहा गया है। प्राकृतिक शक्ति के रूप में देवों की प्रतिष्ठा करने के लिए अग्नि का आह्वान किया जाता है

41

वैदिक साहित्य में प्राकृतिक शक्तियों द्वारा दौत्यकर्म

सीमा शर्मा
संस्कृत विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

seema.sharmaaster@gmail.com

वेदों में दौत्यकर्म का निदर्शन अत्यन्त मनोरम रूप में प्राप्त होता है। ऋग्वेद में अग्नि, पूषा, सूर्य, इन्द्र, वायु, सोम, वेन, वायु आदि के द्वारा दौत्यकर्म के निष्पादन का वर्णन है। इनमें सर्वाधिक स्थानों पर अग्नि का आवाहन किया गया है कि वे देवताओं के दूत हैं, दौत्यकर्म से पूर्णतया परिचित हैं। श्यावाश्व-आत्रेय-संवाद (ऋ० 5-61) में श्यावाश्व, राजा रथवीति के पास रात्रि के माध्यम से सन्देश सम्प्रेषित करते हैं कि राजा द्वारा किए गये सोमयाग में हमारी कामनाएँ विफल नहीं हुयी हैं। श्यावाश्व रात्रि को रथवीति का निवास स्थान भी बतलाते हैं। अतः अचेतन को दूत बनाने की प्रथम परिकल्पना हमें ऋग्वेद में प्राप्त होती है। ऋग्वेद में जहाँ देवशक्तियों को दूत रूप में वर्णित किया गया है तथा इन्हें जिन विशेषणों यथा - सर्वज्ञ, महान्, सत्यरूप, धनों को प्रदान करने वाले, प्रमुदित करने वाले, यशस्वी, द्विज, सञ्चरणशील, आलस्यरहित, क्रान्तदर्शी, सुन्दर, शीघ्र गमनशील, विचारशक्ति से सम्पन्न, उपकारक, केतुस्वरूप, बुद्धि का प्रेरक, चक्षुरूप, अनुशासनप्रिय आदि से अलङ्कृत किया गया है, वे सभी विशेषण परवर्ती काल में धर्मशास्त्रियों, राजनीतिज्ञों, स्मृतिकारों एवं साहित्यशास्त्रियों के द्वारा दूत के लक्षण में कहे गये हैं। ऋग्वेद में प्राप्त दूत-सम्प्रेषण के प्रसङ्गों से प्रेरणा प्राप्त कर कालिदास प्रभृति कवियों की लेखनी से मेघदूत सदृश दूतकाव्य निःसृत हुए, जिनमें अचेतन से भी दौत्यकर्म करवाया गया। वहीं देवशक्तियों के नामों के लौकिक रूपों को दूत के रूप में प्रयुक्त कर परवर्ती कवियों द्वारा पवनदूतम्, पवनसन्देश, वातदूतम्, वचनदूतम् आदि दूतकाव्यों का प्रणयन हुआ। अतः स्पष्ट है कि दौत्यकर्म का उद्गम ऋग्वेद से हुआ है तथा यह इसमें मनोरम रूप में वर्णित है।

42

वैदिक साहित्य में मनुष्य और प्रकृति का पारस्परिक सम्बन्धोल्लेख: आधुनिक परिप्रेक्ष्य में

डॉ॰ विशाल भारद्वाज
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग
गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर

vishal.sanskrit@gndu.ac.in

मनुष्य के चारों ओर आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथिवी, सूर्य, चन्द्रमा, वृक्षों, वनस्पतियों, नदियों, पर्वतों, पशु-पक्षियों आदि प्राकृतिक तत्त्वों का जो आवरण है, वह प्राकृतिक पर्यावरण कहलाता है। वैदिक साहित्य में मनुष्य और प्रकृति के पारस्परिक सम्बन्ध के प्रति जिस जागरूकता को अभिव्यक्त किया गया है, वह आधुनिक परिप्रेक्ष्य में अत्यन्त प्रेरणादायक है। वेदों में हमें विभिन्न देवताओं से सम्बन्धित स्तुतिपरक मन्त्र प्राप्त होते हैं। वेदों में सूर्य, उषा, वरुण, पर्जन्य, पृथ्वी आदि प्राकृतिक शक्तियों का प्रतिपादन देवता रूप में किया जाना वैदिक ऋषि की पर्यावरण सम्बन्धी जागरूकता को अभिव्यक्त करता है। देवता शब्द की व्युत्पत्ति करते हुये निरुक्तकार आचार्य यास्क का कहना है कि दान देने के कारण इन्हें 'देवता' कहा जाता है, दीप्त होने के कारण ये 'देव' कहलाते हैं, द्योतित होने अथवा करने के कारण इनकी 'देवता' संज्ञा होती है तथा द्युलोक में निवास करने के कारण ये प्राकृतिक शक्तियाँ 'देव' कहलाती हैं (निरुक्त, 7/4)। सूर्य प्रकाश प्रदान करता है, पृथ्वी से अन्न, औषधियों तथा वनस्पतियों की उत्पत्ति होती है, पर्जन्य देवता के द्वारा जल बरसाने पर पृथ्वी संसार का भरण पोषण करने में समर्थ हो जाती है – (ऋग्वेद, 1/115/1; ऋग्वेद, 5/83/4; अथर्ववेद, 12/1/2-3) ये समस्त दृष्टान्त सिद्ध करते हैं कि ये उपर्युक्त कथित प्राकृतिक तत्त्वों का मानवीय जीवन में कितना महत्त्वपूर्ण योगदान है। अतः पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश आदि समस्त प्राकृतिक तत्त्वों को देवता कहकर इनके प्रति वैदिक ऋषियों द्वारा आदर प्रकट किया जाना वैदिक साहित्य की पर्यावरण जागरूकता को सिद्ध एवं पुष्ट करता है।

43

वैदिक परम्परा में मनुष्य और प्रकृति : आधुनिक परिप्रेक्ष्य

शीतल जोशी
शोधार्थी, संस्कृत विभागः
अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Sheetaljoshi256@gmail.com

वेदों में प्रकृति संरक्षण अथवा पर्यावरण से सम्बन्धित अनेक सूक्त हैं। बाह्य पर्यावरण में घटित होने वाली सभी घटनायें मन में घटित होने वाले विचारों का ही प्रतिफल हैं। जितना आन्तरिक पर्यावरण विशेषतया मन शुद्ध होगा, बाह्य पर्यावरण उतना अधिक शुद्ध होता चला जायेगा। वेदों के अनुसार बाह्य पर्यावरण की शुद्धि हेतु मन की शुद्धि प्रथम सोपान है। वेदकाल में प्रकृति की रक्षा करना पूजा का एक अभिन्न अङ्ग था। वैदिक परम्परा में प्रकृति को एक जीवन्त और चेतन सत्ता के रूप में देखा गया है। ऋषियों ने प्रकृति के विभिन्न तत्वों को देवी-देवताओं के रूप में पूजा है। उदाहरण के लिए, पृथ्वी को माता भूमि कहा जाता है, आकाश को पिता द्यौ कहा जाता है, और सूर्य को देवता सूर्य कहा जाता है। आज हम प्रकृति के साथ अपने सम्बन्ध को लेकर गम्भीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। आज पर्यावरण के रूप में विश्वस्तरीय चिन्ता व्याप्त है। जनसंख्या का तेजी से बढ़ना तथा औद्योगिक प्रगति ने प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और शोषण द्वारा तीव्र गति से समस्त परिवेश को इस सीमा तक प्रदूषित किया है कि मनुष्य जाति का ही नहीं बल्कि पशु-पक्षी जगत तथा वनस्पति समुदाय का अस्तित्व भी खतरे में डाल दिया है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राष्ट्र संघ एवं उससे सम्बन्धित संस्थाएँ इस भयानक समस्या का अध्ययन और समाधान करने में सन्नद्ध हैं। सरकारी और गैर–सरकारी संस्थाएँ भी इस दिशा में सक्रिय हैं। वैदिक शिक्षा उन सभी समस्याओं का समाधान है जो हम वर्तमान में इस दुनिया में पाते हैं। प्रस्तुत शोधपत्र में आधुनिक पर्यावरणीय समस्याओं के सन्दर्भ में, वैदिक परम्परा में मनुष्य और प्रकृति के सम्बन्ध पर प्रकाश डाला जाएगा।

44

वैदिक परम्परा में मनुष्य और प्रकृति : आधुनिक परिप्रेक्ष्य

दुर्गाप्रसाद रथ
शोधछात्र
दिल्ली विश्वविद्यालय

rathd2390@gmail.com

एक सभ्य समाज का आधार उसकी सभ्यता व संस्कृति है। मनुष्य एवं प्रकृति के संयोग से सभ्यता का उदय होता है। इसी प्रकार वैदिक सभ्यता का प्राचीनकाल में उदय हुआ जो आज वैदिक ग्रन्थों में समावेशित हो कर रह गया है। इन्हें कतिपय संस्कृतानुरागी ही पठन पाठन में उपयोगी मानते हैं। परन्तु उस सभ्यता की छटा अद्यावधि हमारे जनमानस मे विद्यमान है। वैदिक परम्परा में केवल संहिताएँ नहीं अपितु उनसे सम्बन्धित समस्त वैदिक साहित्य आता है। वेदों में प्रत्येक देवता प्रकृति का ही अंश है जिनकी मनुष्य हवनादि द्वारा स्तुति करता है। उन प्राकृतिक देवताओं की स्तुति से हमें प्रकृति यानि अग्नि, जल, वृक्ष लताएँ, सूर्य, उषा, वनस्पति आदि के रक्षण तथा उनके सदुपयोग से अपने जीवन को उन्नत करने का मार्ग दिखाई देता है। हमें ज्ञात है की प्रकृति के गोद में जीवन एवं विनाश उभय खेलते है जिसके कारण प्रकृति के साथ खिलवाड़ अशोभनीय है। वर्तमान समय मे जिस प्रकार प्राकृतिक आपदाएँ हमारे सम्मुख उपस्थित हो रहे हैं वेदों में इतप्रकार के विपत्तियों का कदाचित ही वर्णन है। अतः इससे ज्ञात होता है वैदिक समाज में शायद प्रकृति एवं मनुष्य का एक अनूठा साझेदारी था जो वर्तमान समय मे नहीं है। प्रकृति के दुरुपयोग से प्राचीन सभ्यताएं पहले नष्ट हो चुके हैं। अतः वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मनुष्य ओर प्रकृति का आन्तः सम्बन्ध किस प्रकार होना चाहिए यह विचारधाराएँ हमारे वैदिक ग्रन्थों में सुन्दरतया प्रभुसम्मित उपदेश शैली में वर्णित है । इन सभी विषयों को इस शोधपत्र द्वारा आलोकित तथा अलोडित किया जायेगा।

45

योगदर्शन में जीवात्मा और प्रकृति

प्रो॰ हरीश

संस्कृत विभागः
किरोड़ीमल महाविद्यालय
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

harishkmcdu@gmail.com

योगदर्शन में दो प्रकार की समाधियों की चर्चा गई है - सम्प्रज्ञात समाधि एवम् असम्प्रज्ञात समाधि। एकाग्र अवस्था में होने वाली चार समाधियों का एक सामूहिक नाम सम्प्रज्ञात, सबीज अथवा सालम्बन समाधि है, जिसमें 27 तत्वों का साक्षात्कार योगाभ्यासी को क्रमशः होता है। निरुद्ध अवस्था में जो समाधि लगती है, वह असम्प्रज्ञात, निर्बीज अथवा निरालम्बन समाधि कहलाती है। इस समाधि में जीवात्मा का परमात्मा से मिलन होता है। सम्प्रज्ञात समाधि को महर्षि पतञ्जलि ने समापत्ति शब्द से भी कहा है (योगसूत्र 1.41)। स्फटिक मणि की भाँति निर्मल व अभ्यास-वैराग्य के द्वारा क्षीणवृत्तियों वाले तथा ग्रहीता (आत्मा), ग्रहण (सत्व, रजस्, तमस, महत् तत्व रूपी बुद्धि, अहंकार, मन, पञ्च-ज्ञानेन्द्रियाँ, पञ्च-कर्मेन्द्रियाँ व पञ्च-तन्मात्राएँ या सूक्ष्मभूत) और ग्राह्य (पञ्च-स्थूलभूत) आलम्बनों में स्थित या एकाग्र चित्त का उन-उन आलम्बनों में तद्रूप या तदाकारित हो जाना 'समापत्ति' है। यह समापत्ति भी चार भेदों वाली है - सवितर्का, निर्वितर्का, सविचारा और निर्विचारा। सवितर्का समापत्ति में पञ्च-महाभूतों का शब्द, अर्थ और ज्ञान के विकल्पों से मिश्रित साक्षात्कार होता है। निर्वितर्का समापत्ति में इन्हीं पञ्च स्थूलभूतों का अर्थमात्र निर्भास होता है। सविचारा समापत्ति में 22 पदार्थों अर्थात् पञ्च-सूक्ष्मभूत, पञ्च-ज्ञानेन्द्रियाँ, पञ्च-कर्मेन्द्रियाँ, मन, अहङ्कार, महत्तत्वरूपी बुद्धि, त्रिधा (सत्व, रजस्, तमस्) प्रकृति व जीवात्मा का शब्दार्थ ज्ञान होता है। निर्विचारा समापत्ति में सविचारा समापत्ति के ही 22 पदार्थों का अर्थमात्र ज्ञान होता है। इस प्रकार ईश्वर एवं ये 27 तत्व योगदर्शन में निमित्त एवं कारण-कार्य के रूप में प्रतिपादित हैं। इस प्रकार प्रस्तुत शोध-पत्र में योगदर्शन में जीवात्मा और प्रकृति के स्वरूप एवं सम्बन्ध पर प्रकाश डाला गया है तथा प्रमाण-रूप में, पातञ्जल-योग-दर्शन, श्रीमद्भगवद्गीता व उपनिषद्-वचनों आदि को उद्धृत किया गया है।

46

अभिज्ञानशाकुन्तलम् में मनुष्य और प्रकृति के सम्बन्ध का वैदिक परम्परानुसार चित्रण

डॉ० दिव्या त्रिपाठी
संस्कृत विभागाध्यक्ष (सेवानिवृत्त)
डी० ए० वी० शताब्दी महाविद्यालय, फरीदाबाद, हरियाणा

divya16tripathi@yahoo.co.in

मनुष्य वस्तुत: प्रकृति का अभिन्न अंग है। वेदों में देवता से अधिष्ठित प्राकृतिक शक्तियों यथा सूर्य, इन्द्र, वरुण, अग्नि आदि से मनुष्य पर अनुग्रह करने की कामना से उनकी स्तुतियाँ की गई हैं। इसी तरह कविकुल - शिरोमणि कालिदास कृत नाटक अभिज्ञानशाकुन्तलम् में स्थान-स्थान पर प्रकृति और मनुष्य के मध्य सामञ्जस्यपूर्ण सम्बन्ध परिलक्षित होता है। लताओं के लिए शकुन्तला का सोदर-स्नेह,मृगशावक के प्रति पुत्रवत्-वात्सल्य, गर्भिणी हरिणी के प्रति ध्यान, वृक्षों का सर्वप्रथम जलसिञ्चन करना, मण्डनप्रिय होने पर भी उनके फूलों को न तोड़ना, विदाई-वेला पर वनस्पतियों द्वारा आभूषण, वस्त्र आदि भेंट दी जानी,वृक्षों से जाने की अनुमति लेना तथा उनके द्वारा भी अनुमति को दिया जाना, मृग द्वारा नायिका का मार्ग रोकना, मयूरों का नृत्य को रोक देना आदि सैंकड़ों वृत्तान्त मानव और प्रकृति के पारस्परिक सौहार्द्रपूर्ण सम्बन्ध को प्रकाशित करते हैं। आधुनिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो तपोवन-सभ्यता नागर-सभ्यता में बदलती जा रही है। मानव उत्कट स्वार्थवश धात्री, पालक, प्राणद प्रकृति का अनियन्त्रित दोहन कर अपनी कब्र स्वयं खोद रहा है। मानव का अस्तित्व एवं विकास तभी सम्भव है जब प्रकृति के घटकों यथा वायु, जल, आकाश,तेज, पृथ्वी, ओषधि, वनस्पति आदि शुद्ध रहें।

47

वैदिक साहित्य में स्वप्नविज्ञान

निखिल राज आर्य
शोध छात्र, संस्कृत विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय

aryarajnikhil0669@gmail.com

स्वप्नावस्था एक ऐसा अद्भुत लोक जो हमें कल्पनातीत प्रतीत होता है, किन्तु क्या इसका जीवन के किसी अंश से संबंध है? यह प्रश्न प्राचीन काल से लेकर आधुनिक मनोवैज्ञानिकों के शोध का विषय रहा है। स्वप्न एक प्राचीन शब्द है, और ऋग्वेद में भी इसका प्रयोग मिलता

है। (ऋग्वेद 8.100.475) संस्कृत में स्वप्न शब्द निद्रा या शयन के अर्थ में अनेकत्र प्रयुक्त हुआ है। अमरकोष ने स्वप्न के इस अर्थ में को प्रमुखता दी है। स्यान्निद्रा शयनं स्वापः स्वप्नः संवेशः इत्यादि। (अमरकोष, प्रथमकाण्ड) प्रश्नोपनिषद् के अनुसार- जाग्रत अवस्था में जो भी पहले कहीं देखा है, अथवा सुना हे, अथवा अनुभव किया है- इस जन्म में नहीं अन्य अनेक जन्मों में भी उन सबको आत्मा स्वप्न में देखता, सुनता, अनुभव करता है। (प्रश्नोपनिषद् 4.5) नृसिंहोत्तरतापिन्युपनिषद् के अनुसार स्वप्न परब्रह्म नारायण का दूसरा पाद या स्वरूपभूत अंश 'उ' कार युक्त तैजस है। (नृसिंहोत्तरतापिन्युपनिषद्, खण्ड 2) अथर्ववेद में स्वप्नों और दुःस्वप्नों से सम्बन्धित अनेक सूक्त हैं। एक सूक्त में कहा गया है- हे स्वप्न मैं तेरी उत्पत्ति को जानता हूँ। (अथर्ववेद 16.2.5) मनोविश्लेषण के संस्थापक फ्रायड ने एक ओर जहाँ अन्तश्चेतना के अविज्ञात प्रदेशों में विद्यमान अनिष्टों, अन्धकारों पर प्रकाश डाला है, वहाँ दूसरी ओर सपनों की उत्पत्ति का मूल कारण कामेच्छा का दमन माना है। प्रश्नोपनिषद् में अन्य स्थल पर स्वप्नावस्था में दैवीय अनुभूति के वर्णन प्राप्त होते हैं। स्वप्नावस्था की इस दशा का वर्णन सी॰ जी॰ जुंग ने अपनी पुस्तक 'मार्डन मैन इन सर्च ऑफ ए सोल' में किया है। वैदिक साहित्य के इसी स्वप्नविज्ञान का प्रभाव हमें पाश्चात्य मनोवैज्ञानिकों व धर्मों में भी दृष्टिगोचर होता है। बाइबिल के सभी दैवी सन्देश, सपनो में ही प्रकट हुए बताए जाते हैं। हेवलॉक एलिस का मत है कि 'प्रत्येक स्वप्न विगत काल की सञ्चित अनुभूतियों और शारीरिक विकारों के योग का परिणाम होता है। वर्तमान काल में आवश्यकता है कि वैदिक साहित्य में वर्णित स्वप्नविज्ञान को और अधिक सूक्ष्मता से समझने का प्रयास किया जाए।

48

कालिदास-साहित्य में वर्णित पशु - वैदिक परिप्रेक्ष्य

डॉ॰ प्रतिभा शुक्ला

संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष - संस्कृत साहित्य
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार

pratibhashukla.up@gmail.com

वैदिक ऋषियों की दृष्टि में पशुओं का महत्वपूर्ण स्थान हैं। वेद में पशु शब्द का व्यापक अर्थ है। रुद्र को पशुपति कहा गया है। पशुओं में गौ, अजा, अवि, अश्व इत्यादि प्रमुख हैं। गौ अपना विशेष स्थान रखती है। जिसप्रकार मेघ प्रसन्नतापूर्वक प्राणियों पर जल वृष्टि करते हैं उसी प्रकार गाय हमें दुग्ध प्रदान करती है। (ऋ॰ 4.34.8) गाय को रुद्रों की माता, वसुओं की पुत्री एवं आदित्य देवों की बहिन बताया है। गाय में सभी देवता निहित हैं। ऋग्वेद में पशु संवर्धन पर अत्यधिक बल दिया गया है। अश्वों को अन्नादि से तृप्त रखने परिणामतः सरलता से युद्ध जीतने का निर्देश मिलता है। इन्द्र से बैलों को शान्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई है।

(ऋ॰ 3.53.18) अथर्ववेद में भी अनेक प्रकार के पशुओं की चर्चा प्राप्त होती है। यहाँ गाय, अश्व, ऊँट, व्याघ्र, बन्दर, कुत्ते, काले मृग, गधे, भेड़ बकरी, हाथी, शेर, सुअर इत्यादि पशुओं का उल्लेख प्राप्त होता है। बैल के विषय में कहा गया है कि चलने वाले में बैल श्रेष्ठ है। (ऋ॰ 19.39.4) महाकवि कालिदास ने वन्य एवं ग्राम्य दोनों प्रकार के पशुओं का उल्लेख अपने साहित्य में किया है। साथ ही इन पशुओं के स्वभाव के विषय में भी पर्याप्त प्रकाश डाला है। ऋतुसंहार प्रथम के सर्ग में कहा गया है कि प्यास के कारण जिनके तालु सूख गये है ऐसे हिरण अत्यन्त सन्तप्त होकर नीले आकाश को देखकर वन में जल है ऐसा सोचकर दौड़ रहे है। (ऋतुसंहार 1.11) रघुवंश में वन्य वराह, भैंसे, गैंडे, बाघ, हाथी, चमरी मृग, रुरु मृग इत्यादि वन्य पशुओं का वर्णन मिलता है। रघुवंश के पंचम सर्ग में वरतन्तु के शिष्य ऋषि कौत्स जब रघु के पास गुरूदक्षिणा हेतु धनराशि की याचना के लिए पहुँचते हैं तो रघु उनसे उन की हरिणियों के नन्हे बच्चों की कुशलक्षेम पूछते हैं जो ऋषियों की गोद में बैठकर खेलते हैं। (रघुवंश 5.7) इस प्रकार महाकवि कालिदास के साहित्य में पशुओं के वर्णन का आधार वैदिक प्रतीत होता है।

49
वैदिक संस्कृति, प्रकृति और पर्यावरण

ज्योति अम्बष्ट
एम फिल थियोलोजी (डी ई आई,आगरा)
शिक्षिका : दयालबाग एजुकेशनल इन्स्टीच्युट , आगरा

atamdayal@gmail.com

वैदिक संस्कृति का प्रकृति से अटूट सम्बन्ध है। वैदिक संस्कृति का सम्पूर्ण क्रिया-कलाप प्रकृति से पूर्णतः जुड़ा हुआ है। वेदों में प्रकृति संरक्षण अर्थात पर्यावरण से सम्बन्धित अनेक सूक्त हैं। वेदों में दो प्रकार के पर्यावरण को शुद्ध रखने पर बल दिया गया है– आन्तरिक एवं बाह्य। इसे ही संस्कृत साहित्य क्रमशः अन्तःप्रकृति और बाह्यप्रकृति कहा जाता है। सभी स्थूल वस्तुएँ बाह्य एवं शरीर के अन्दर व्याप्त सूक्ष्म तत्व जैसे मन एवं आत्मा आन्तरिक पर्यावरण का हिस्सा हैं। आधुनिक पर्यावरण विज्ञान केवल बाह्य पर्यावरण की शुद्धि पर केन्द्रित है। वेद आन्तरिक पर्यावरण जैसे मन एवं आत्मा की शुद्धि के साथ पर्यावरण की अवधारणा को स्पष्ट करता है। बाह्य पर्यावरण में घटित होने वाली सभी घटनायें मन में घटित होने वाले विचार का ही प्रतिफल हैं। प्रकृति दो शब्दों से मिलकर बनी है - प्र और कृति। प्र अर्थात प्रकृष्ट (श्रेष्ठ/उत्तम) और कृति का अर्थ है रचना। बाह्यप्रकृति में पाँच तत्व - पृथ्वी , जल, अग्नि, वायु और आकाश शामिल हैं। मानव प्रकृति में मन, बुद्धि और अहंकार सम्मिलित हैं। पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश ये पञ्चमहाभूत, मन, बुद्धि तथा अहंकार- ये आठ प्रकार की प्रकृति

समूचे ब्रह्माण्ड का निर्माण करती है। वेदों में वर्णित है की मनुष्य का शरीर पञ्चभूतों यानी अग्नि, वायु, जल, पृथ्वी और आकाश से मिलकर बना है। इन पञ्चतत्वों को विज्ञान भी मानता है। अतः प्रकृति के विना मानव अस्तित्व की परिकल्पना असम्भव है। छान्दोग्य-उपनिषद् में उद्दालक ऋषि अपने पुत्र श्वेतकेतु से आत्मा का वर्णन करते हुए कहते हैं कि वृक्ष जीवात्मा से ओतप्रोत होते हैं और मनुष्यों की भाँति सुख-दुःख की अनुभूति करते हैं। प्राचीन काल से वट वृक्ष, पीपल और तुलसी आदि की पूजा होती रही है, इनमें वन देवता व वृक्ष देवता की कल्पना की गई है जिससे वन की कटाई न हो और पर्यावरण सुरक्षित रहे। इसके विपरीत आज वनों की कटाई बढ़ गई है जिससे हमें जलवायु परिवर्तन,ओजोन क्षय, भूमण्डलीय उष्णता, वनोन्मूलन, असमय वर्षा, आँधी, तूफान जैसी आपदा का सामना करना पर रहा है। वैदिक संस्कृति मनुष्य को विकृति से प्रकृति और प्रकृति से संस्कृति की ओर ले जाता है। आपदाओं से बचने के लिए हमें अपने चारों ओर के वातावरण को संरक्षित करना होगा तथा उसे जीवन के अनुकूल बनाए रखना होगा। वस्तुतः हम कह सकते हैं कि मानव जीवन का अस्तित्व प्रकृति की गोद में पलता -बढ़ता है।

50

वैदिक संस्कृति, प्रकृति और पर्यावरण

डॉ॰ साधना शर्मा
सहायक-आचार्य
स्नातकोत्तर-व्याकरण-विभाग
कामेश्वर-सिंह-दरभंगा-संस्कृत-विश्वविद्यालय

sadhana.shrma@gmail.com

'वेदोऽखिलो धर्ममूलम्' अर्थात् वेद धर्म का मूल है। वैदिक सिद्धान्त के आधार पर सृष्टि की रचना हुई है। वैदिक सिद्धान्त त्रैतवाद को यदि हम देखें तो यह मनुष्य को जीने का ढंग सिखाता है इसमें तीन पदार्थ हैं- प्रकृति, जीव और ईश्वर। ईश्वर अर्थात् सच्चिदानन्द, मनुष्य का लक्ष्य है, यहाँ मेरा मत ये है कि जीव प्रकृति को संरक्षित करके ही ईश्वर की प्राप्ति कर सकता है। 'मनुर्भव' - 'मनुष्य बनो' का अर्थ प्रकृति, जीव और ईश्वर तीन सोपानों को जानना है। वेद शब्द में प्रयुक्त विद्-धातु अपने चार अर्थों द्वारा यही कहती है। जिस पृथ्वी पर पृथ्वी सूक्त वेद में वर्णित है, आज वही पृथ्वी प्रदूषित है। इस शोध-पत्र के द्वारा मेरा उद्देश्य है कि वैदिक सार-तत्त्व यथामति उद्धृत हों। प्रकृति को हम जैसा बनाएँगे वो वैसी बनेगी। इसको स्वर्ग, नरक या अपवर्ग बनाना, यह हम मनुष्यों पर ही निर्भर है।

51

वैदिक परम्परा में मनुष्य और प्रकृति : आधुनिक परिप्रेक्ष्य

त्रिद्वीप सरकार

सहायक अध्यापक
बाँकुड़ा विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल

tridwipsarkar@gmail.com

ऋषियों ने जिन विषयों का वेदों में साक्षात्कार किए हैं , उनमें प्रमुख हैं परमात्मा , जीवात्मा तथा प्रकृति । वेदों में किसी भी विषय का वर्णन सूक्ष्म रूपों में प्राप्त होता है। मन्त्रों में जो उपदेश प्राप्त होते हैं, वे सब सभी जीवमात्र के कल्याण के लिए है। वेद मानवजाति का प्राणस्वरूप है। मनुष्य अपनी विचार के माध्यम से वेदोक्त उपदेशों को अपने जीवन में धारण करने का प्रयत्न करता है। वेद ही मानव के विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। वेदोक्त प्रकृति का अर्थ सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड ग्रहण कर सकते हैं। अतः वेदों में प्रकृति के साथ मनुष्य का तीन प्रकार का सम्बन्ध बताया जा सकता है। इनमें से प्रथम प्रकृति से मानव का यज्ञात्मकसम्बन्ध है। इसमें ऋग्वेद में उत्तरसृष्टि के लिए मानस यज्ञ है जिसमें प्राकृतिक तत्त्व हवि के रूप में प्रयुक्त हुए हैं– वसन्त ऋतु यज्ञ की घृतस्वरूप, ग्रीष्म ऋतु समिधा है तथा शरद् ऋतु हवि द्रव्य है। इसी शाश्वत यज्ञ से पृथिवी पर भिन्न भिन्न वनस्पतियाँ जीव उत्पन्न होते रहते हैं। द्वितीय प्रकृति और मानव का वृष्टिपरिपूरक सम्बन्ध है। प्रकृति और मानव वृष्टि में एक दूसरे के सहयोगी हैं। मनुष्य हव्य पदार्थ के साथ अग्नि में यज्ञ का अनुष्ठान करता है, जिस यज्ञ से वृष्टि होती है। मण्डूक सूक्त में भी वर्षाकाम वसिष्ठ ऋषि मण्डूकों की स्तुति करते हैं। क्योंकि ये मण्डूक पर्जन्यदेव के लिए प्रिय वचनों को बोलने वाले होते हैं। अतः ऋषि वृष्टि हेतु सबसे पहले मण्डूकों को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं। मण्डूकों के प्रसन्न होने पर ही वे पर्जन्य के प्रियवचनों को बोलने लगते हैं, जिससे वृष्टि होती है। तृतीय प्रकृति और मानव का चिकित्साविषयक सम्बन्ध है। अथर्ववेद में अनेक ऐसे सूक्त प्राप्त होते हैं, जिनमें मानव सम्बन्धित रोगों के चिकित्सा के लिए प्रकृति का उपयोग किया किया जाता है। प्रकृति और मानव का माता-पुत्र का सम्बन्ध है। प्रकृति की अन्यतमा तत्त्व पृथिवी है, जिसे अथर्ववेद में माता तथा पर्जन्य को पिता कहा गया है। मातारूपी पृथिवी पर्जन्य के वृष्टिरूपी रेतस से रेतसावती (गर्भधारणयुक्ता) होती है। इस प्रकार से वर्तमान समय में भी वेदप्रतिपादित प्रकृति के साथ मानव का सम्बन्ध नित्य रूप में प्रवाहमान है।

52
वैदिक परम्परा में प्रकृति के प्रति जागरूकता

तुषार कुमार
एम० ए०, प्रथम वर्ष, संस्कृत विभाग
उत्तरी परिसर, दिल्ली विश्वविद्यालय

tt174435@gmail.com

वैदिक परम्परा में मानव और प्रकृति का मौलिक सम्बन्ध प्राप्त होता है। वेदकालीन मानव प्राकृतिक संसाधनों का नियमित रूप से उपयोग करने के साथ प्रकृति के प्रति संरक्षण का भाव भी रखता था। मानव सम्बन्धी ज्ञान की उपमा प्राकृतिक उदाहरणों से दी जाती थी। अरण्यानी-सूक्त और मण्डूक-सूक्त उदाहरण हैं कि वेदकालीन मानव किस तरह से प्रकृति से जुड़ा हुआ होता था और उसमें विभिन्न प्रकार के आलंकारिक दर्शन करता था जिसका उदाहरण इन सूक्तों के मन्त्रों में दिया गया है। वेदों में यज्ञों द्वारा प्रकृति संरक्षण का विषय भी प्राप्त होता है। इस प्रकार इन सूक्तों के मन्त्रों के माध्यम से प्रस्तावित शोध पत्र का उद्देश्य मानव का प्रकृति के प्रति निकटता, जागरूकता को दर्शाते हुए, प्रदूषण आदि आधुनिक समस्याओं की वैदिक सन्दर्भ में चर्चा करना है।

53
अन्नं ब्रह्मेति व्यजानात्

डॉ० अर्चना रानी दुबे
पूर्व सीनियर फेलो
संस्कृत एवं प्राच्य विद्या अध्ययन संस्थान
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय

dr.archana.dubey61@gmail.com

उपनिषद् वेदों के अन्तिम भाग हैं। तैत्तिरीय उपनिषद् कृष्णयजुर्वेदीय तैत्तिरीय आरण्यक का एक भाग है। इस उपनिषद् में तीन वल्लियाँ हैं, जो शीक्षा, ब्रह्मानन्द और भृगु नाम से प्रसिद्ध हैं। प्रथम वल्ली में उपासन और शिष्टाचार की शिक्षा शिष्य को दी गई है और अन्य दोनों में ब्रह्मविद्या का निरूपण तथा ब्रह्मप्राप्ति के उपाय वरुण और उनके जिज्ञासु पुत्र भृगु के संवाद के रूप में बताए गए हैं। उपनिषद का मूल उद्देश्य यद्यपि जीव और ब्रह्म का ऐक्य स्थापित करना है तथापि उस उद्देश्य की पूर्ति के लिए जो सूक्ष्म प्रक्रिया समझाई गई है उस सूक्ष्म प्रक्रिया को समझाने के लिए प्रकृति के स्थूल तत्त्वों की महत्ता को भी दर्शाया गया है।

ब्रह्म जो स्वयं प्रकृति के रचयिता हैं, उस तक पहुँचने के लिए प्राकृतिक तत्त्वों का माध्यम ही ग्रहण करना होता है। परम तत्त्व एवं प्रकृति के स्थूल तत्त्व सब आपस में एक दूसरे से सम्बद्ध हैं, एकमेक हैं। वह परम तत्त्व-परम शक्ति जो भी है वह और प्राकृतिक तत्त्व सब एक दूसरे से गुथे हैं ऐसा आधुनिक वैज्ञानिक भी स्वीकार कर रहे हैं। अन्नं ब्रह्मेति व्यजानात्- इस श्रुति वाक्य के माध्यम से अन्न ही ब्रह्म है, ऐसा कहा जाता है। समस्त प्राणी अन्न के परिणामभूत वीर्य से उत्पन्न होते हैं, अन्न से ही उसका जीवन सुरक्षित रहता है और मरने के बाद अन्न-स्वरूप इस पृथिवी में ही समा जाते हैं। उपनिषद् में ब्रह्म के स्थूल रूप का वर्णन 'अन्नं ब्रह्मेति व्यजानात्' के माध्यम से किया गया है। यद्यपि ब्रह्मपरक जिज्ञासा का समाधान आत्मनिष्ठ है किन्तु उस आत्मतत्त्वबोध के लिए अपने चारों ओर व्याप्त प्रकृति के तत्त्वों का गम्भीरतापूर्वक बोध भी आवश्यक है। उस परमतत्त्व का बोध और प्रकृति के उपादान सब एक दूसरे से सम्बद्ध और आबद्ध हैं, परस्पराश्रित भी हैं। आधुनिक वैज्ञानिक भी इस तथ्य को स्वीकार कर रहे हैं कि जो परम ऊर्जा है जिससे यह पूरा ब्रह्माण्ड निर्मित है वह परम ऊर्जा अथवा परम तत्त्व और ब्रह्माण्ड के समस्त ग्रह, उपग्रह सब एक दूसरे से इस प्रकार आबद्ध हैं कि सब एक दूसरे को निरन्तर प्रभावित करते हैं। वह एक दूसरे की शक्ति के माध्यम से नवीन उत्पत्ति भी करते हैं। सन् 2022 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार जीतने वाले वैज्ञानिक एलेन आस्पेक्ट, जॉन क्लॉसर तथा एण्टन जेलिंगर का शोधपरक कार्य इसी प्रकार का संकेत करता है। प्रस्तुत शोधपत्र में तैत्तिरीयोपनिषद् को आधार बनाकर ब्रह्म प्राप्ति के साधनों की प्रक्रिया को समझाते हुए मानव एवं प्रकृति के सम्बन्ध को समझाने का प्रयास किया जाएगा साथ ही आधुनिक वैज्ञानिक शोधों पर भी विचार किया जाएगा।

54

वैदिक साहित्य में मनुष्य और प्रकृति : आधुनिक सन्दर्भ

डॉ॰ आशुतोष कुमार
असिस्टेंट प्रोफेसर
लक्ष्मीबाई महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय)

ashutoshkumar@lb.du.ac.in

वैदिक साहित्य समस्त ज्ञान का स्रोत है। इसमें आधिभौतिक, आधिदैविक तथा आध्यात्मिक विचारधाराओं का समन्वय है। इसमें जीवन में श्रेयस् एवं प्रेयस् प्राप्ति के सभी साधन वर्णित हैं। वैदिक युग का मानव प्रकृति के प्रति जागरूक एवं कृतज्ञ था। जन-मन में प्रकृति के प्रति प्रगाढ अनुराग था। वैदिक कालीन ऋषियों ने प्रकृति को बिना क्षति पहुँचाये उसकी समृद्धि में अपना जीवन अर्पित किया। उन्होंने प्रकृति के आँचल को अपना निवास बनाया, पेड़-पौधे एवं पशु-पक्षियों के मध्य रहना प्रारम्भ किया। स्वस्थ जीवन हेतु पर्वतों का सामीप्य तथा नदीयों का

सङ्गम चुना– *"उपह्वरे गिरीणां संगमे च नदीनाम् धिया विप्रो अजायत" (ऋ० ८.६.२८)।* प्रकृति के समीपस्थ वैदिक काल के मानव ने प्रकृति प्रदत्त संसाधनों का उपयोग बड़े सम्मान से किया है। उन्होंने पर्यावरणीय तत्त्वों में देवत्व को अनुभव किया और उनका पूजन प्रारम्भ किया। वेदों में कई स्थलों पर प्रकृति के साथ पारिवारिक सम्बन्ध भी दिखाई देते हैं। ऋग्वेद में द्युलोक को पिता, पृथ्वी लोक को माता तथा अन्तरिक्ष लोक को पुत्र कहा गया है। प्रस्तुत शोधपत्र के माध्यम से वैदिक संहिताओं में प्रतिबिम्बित मनुष्य और प्रकृति के अन्त:सम्बन्ध को आधुनिक सन्दर्भ में बताया गया है।

55

ईशावास्योपनिषद् में मानव एवं प्रकृति केन्द्रित चिन्तन एवं संधारणीय विकास

बलराम कुमार

शोधार्थी, संस्कृत-विभाग
हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय

balramsiwan58@gmail.com

वर्तमान वैश्विक पारिस्थितिकी तन्त्र में हुए असन्तुलन एवं बढते प्रदूषण के फलस्वरूप एकांगी विकास के स्थान पर संधारणीय विकास (Sustainable Development) की अवधारणा विकसित हुई है। यह गहन पारिस्थितिकीय दृष्टिकोण के अन्तर्गत आता है जिसे पोषणीय विकास भी कहते हैं। भारतीय चिन्तन परम्परा सदैव ही प्रकृति एवं उसके समस्त उपादानों को केन्द्र में रखकर समग्र विकास की आधारशिला प्रदान करती है। इसी सन्दर्भ में दर्शन, आध्यात्म एवं जीव एवं जगत के विषय में सर्वोच्चतम दृष्टि प्रदान करने वाले उपनिषदों की परंपरा में शुक्ल यजुर्वेद का चालीसवाँ अध्याय ईशावास्योपनिषद् है। 'ईशावास्यमिदं सर्वम्' वाक्य के माध्यम से यह ग्रन्थ इस ब्रह्माण्ड एवं जीव से सम्बन्धित गूढतम रहस्यों को समझने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 'तेनत्येक्तेन भुञ्जीथा' के द्वारा मनुष्य एवं अन्य समस्त जीवों में सभी प्रकार के भेदभावों का परित्याग कर, भोग्य एवं भोक्ता रूपी समस्त द्वैतों का अन्त कर अधिकारों और कर्त्तव्यों को जोड़कर एक समन्वयात्मक दृष्टिकोण का विकास करता है। वर्तमान विकासवादी चिन्तन मानव हित को केन्द्र में रखते हुए सम्पूर्ण सृष्टि को विजित एवं भोग्य के रूप में प्रस्तुत करता है। ईशोपनिषद में वर्णित त्यागपूर्वक उपभोग की भावना को वरीयता देनी होगी जिससे कि उपभोक्तावादी दृष्टिकोण का अन्त कर, वैश्विक समस्याओं यथा विश्व में व्याप्त संसाधनों का असमान वितरण, मानव-प्रकृति में हुए असन्तुलन, भुखमरी, पर्यावरण प्रदूषण व इससे उत्पन्न ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं को समाधान तक पहुँचाया जा सकेगा व समावेशी विकास का सपना साकार हो सकेगा। प्रस्तावित शोध पत्र का उद्देश्य वर्तमान पर्यावरण संकट को

देखते हुए ईशोपनिषद् सम्मत समाधान प्रस्तुत कर वैदिक संधारणीय विकास की अवधारणा की वर्तमान प्रासङ्गिकता पर विमर्श करना है।

56

वैदिक चिंतन के परिप्रेक्ष्य में आधुनिक मानव जीवन

चन्दा
शोधच्छात्रा, मानविकी विद्यापीठ (संस्कृत)
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
नई दिल्ली -110063

chandashah461@gmail.com

वैदिक चिंतन के परिप्रेक्ष्य में आधुनिक मानव सनातन संस्कृति के इतिहास में वेदों का स्थान अत्यन्त गौरवपूर्ण है । वेदों के आधारशिला के ऊपर ही प्रमुख रूप से ही भारतीय-धर्म तथा सभ्यता की इमारत खड़ी हुई है । वैदिक जीवन प्रणाली सदा ही उपत्यकाओं में ही पर्यावरण की रक्षा करते हुए पल्लवित पुष्पित हुई है। वैदिक ऋषियों के अनुसार वैदिक चिन्तन एवं जीवन नदियों के सङ्गमस्थलों, गिरि के कन्दराओं में विकसित हुआ है। जिसने कभी भी प्रकृति एवं पर्यावरण का दोहन अपने स्वार्थ सिद्धि के लिए नहीं किया है। वैदिक जीवन-शैली प्रधानतया ग्राम्य समाज था अवश्य परन्तु नगरीय जीवन की छटा का एकान्त अभाव था ऐसा नहीं मान सकते है । 'नगर' शब्द हमें आरण्यकों में भी प्राप्त होता है। इसलिए यह कहना कि आधुनिक शहरी करण के कारण पर्यावरण तथा प्रकृति में जहरीलापन आया हैं, यह सत्य नहीं है। आधुनिक मानव सभ्यता ने ऋषियों के चिन्तन से प्राप्त वेदरूपी मानवीय सभ्यता संविधान को अपने जीवन में अपनाना जब से कम कर दिया वह अन्तर-बाह्य सभी तरफ से परेशान होने लगा हैं। यदि हम पीछे मुड़कर वैदिक जीवन को देखते हैं तो पाते हैं कि वैदिक-ग्राम आवश्यक सामग्रियों से परिपूर्ण रहता था। अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उसे अन्य ग्रामों व नगरों पर निर्भर नहीं होना पड़ता था लेकिन आज के आधुनिक समय में सम्पूर्ण समाज एक दूसरे के ऊपर ऐसा निर्भर हो गया है कि यदि दुनिया में कहीं कुछ भी हो जाए तो पूरी की पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल सी मच जाती है, उदाहरण के लिए कोरोनाकाल, रुस-यूक्रेन युद्ध अभी तत्काल में इजरायल खाड़ी के देशों का युद्ध हमारे सामने है। जिससे अर्थजगत में भारी गिरावट और उथल-पुथल मची हुई है। हमारे वैदिक समाज के निवासी आर्यलोग अन्नादि भोज्य पदार्थों को कठोर परिश्रम कर कृषि-कर्म द्वारा तथा दूध, घी, दही आदि पदार्थ पशु-पालन से उत्पन्न किया करते थे। वेदकालीन ग्राम्य-जन भेड़ तथा बकरियाँ पालते थे भेड़ों के ऊन निकालकर कम्बलादि उष्ण वस्त्र का निर्माण कर स्वयं अपने को शीत से बचने हेतु प्रयोग करते थे। तथा उसे बेच कर अपने लिये अन्य वस्तुओं की व्यवस्था भी करते थे। कृषि कार्य करने वाले कृषक जन रुई की बहुतायत उत्पादन किया करते

थे। जिससे घर की स्त्रियाँ कपड़े आदि सुन्दर-सुन्दर वस्त्र निर्माण किया करती थी। बढ़ई लोग जो कि काष्ठ का कार्य करते थे, वे युद्ध, यात्रा के तथा मनोविनोद के प्रधान सहायक रथ का निर्माण किया करते थे। इसी प्रकार लोगों के स्वास्थ्य रक्षण हेतु रोगों को दूर करने वाले वैद्य हुआ करते थे। इन्हीं विषयों का अन्वेषण करके शोधपत्र में विवेचना प्रस्तुत की गई है।

57
अथर्ववेद में प्रकृति एवं मानव का सम्बन्ध

चिरञ्जीत सरकार
शोधार्थी, संस्कृत विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय

chiranjitsarkar861@gmail.com

मानव और प्रकृति का सम्बन्ध सृष्टि के प्रारम्भ से है, इनका सम्बन्ध अन्वय- व्यतिरेक सम्बन्ध जैसा है - जहाँ मानव होगा, वहाँ प्रकृति होगी ही, क्योंकि प्रकृति के बिना मानव जीवित नहीं रह सकते, इसलिए मानव उसी स्थान में बसते है जहाँ प्रकृति है। मानव को जीने के लिये प्रकृति की सहायता लेनी ही पडती हैं, किन्तु प्रकृति ऐसी नहीं है। वह मानव के बिना भी रह सकती है। प्रकति केवल देना जानती है लेना नहीं। प्रकृति मानव जीवन का प्राण है, क्योंकि प्रकृति के बिना मनुष्य कुछ नहीं है। यद्यपि मानव ही प्रकृति के ध्वंस का कारण है तथापि प्रकृति हमारे साथ माँ के समान व्यवहार करती है। अथर्ववेद में प्रकृति का महत्त्व बताया गया है कि कैसे मनुष्यों की शारीरिक रोग से लेकर मानसिक रोगों की चिकित्सा प्रकृति से ही की जाती रही। इसमें ओषधियों के गुण, उनके लाभ और महत्त्व आदि का बहुत विस्तार से वर्णन किया गया है। चिकित्सा क्षेत्र में प्रकृति एक वरदान है। इस वेद में अन्न के विषय में भी पर्याप्त सामग्री उपलब्ध होती है। आज भी अगर हम प्रकृति को अपनाते है तो ऐसे असंख्य रोग अपने-आप ही नष्ट हो जायगा।

58

वेदों मे प्रतिबिम्बित प्राकृतिक उपादानों में आत्मीयता का प्रसार

डॉ॰ दिलीप कुमार जायसवाल
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग
विवेकानन्द कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय

dilip21jnu@gmail.com

भिन्न-भिन्न भौगोलिक एवं सांस्कृतिक परिवेश में मनुष्य के साथ प्रकृति के सम्बन्ध का रूपायन भिन्न भिन्न ढंग से हुआ है। एक विशिष्ट परिवेश के चलते ही भारत में प्रकृति और मनुष्य के अन्तर्सम्बन्धों में आत्मीयता, सहभाव और सहसंवर्धन का भाव परिपुष्ट हुआ है, जिसकी स्पष्ट झलक हमें वेदों में मिलती है। प्रथम ऋग्वैदिक सूक्त से ही अग्नि से पितृवत् होने की प्रार्थना की गई है तो वहीं अथर्ववेद के भूमिसूक्त में भूमि को माता कहा गया है। पाश्चात्य सभ्यता की मनोभूमि में प्रकृति एक अबूझ पहेली रही है, जिसके रहस्यों को जानकर जिसका दोहन और नियन्त्रण कर ही मानव अपने जीवन को सुख-सुविधापूर्ण बना सकता है। भारत में प्रकृति ने पर्यावरणीय अनुकूलताओं के रूप में मुक्तहस्त से मनुष्यों को अपना सर्वोत्तम उपहार प्रदान किया है, फलस्वरूप यहाँ का मनुष्य प्रकृति के प्रति आभार और सौहार्द के भाव से आप्यायित रहा है, इसका निदर्शन वैदिक ऋचाओं में किस प्रकार हुआ है, यही दर्शाने का प्रयास प्रस्तावित शोध-पत्र में किया जायेगा।

59

अथर्ववेद में वर्णित प्राकृतिक औषधियाँ

देवराज
शोधार्थी, संस्कृत विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय

daheriya@sanskrit.du.ac.in

भारतीय परम्परा में वेदों का स्थान अत्यन्त गौरवपूर्ण, महिमामण्डित एवं श्रद्धास्पद है। विश्व के विद्वानों ने एकमत से स्वीकार किया है कि वेद सबसे प्राचीन ग्रन्थ है। वेद ऋषिओं द्वारा सुनाए गए ज्ञान पर आधारित है इसलिए इसे श्रुति कहा जाता है। वेद के चार विभाग है- ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद वेदों में मौजूद सामग्री के विश्लेषण से हमें ज्ञान होता है कि सभी वेदों में चिकित्सा के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया गया है। इतना ही नहीं वेदों की महत्ता का वर्णन करते हुए यहाँ तक लिख दिया है कि जो व्यक्ति वेदों की प्रमाणिकता को

स्वीकार नहीं करता है, वह नास्तिक है। चारों वेदों में से अथर्ववेद को चिकित्सा का मूलस्रोत माना गया है और आयुर्वेद को अथर्ववेद का उपवेद माना गया है। प्राचीन भारत में उच्च गुणवत्ता का चिकित्सा ज्ञान प्रचलित था। प्राचीन भारत में प्रचलित चिकित्सा विज्ञान की कुछ झलकियाँ यहाँ प्रस्तुत की गई है। अथर्ववेद में गणित, विज्ञान, समाज शास्त्र, कृषि विज्ञान आदि अनेक विषय वर्णित है। इसमें तन्त्र-मन्त्र की विधियों के बारे में बताया गया है। यह वेद ब्रह्म ज्ञान के उपदेश का वर्णन करता और मोक्ष का उपाय भी बताता है। इसे ब्रह्मवेद भी कहते है। अथर्ववेद में चिकित्सा के विषय क्षेत्र में औषधियों का एक विशेष स्थान है, जिसमें औषधि चिकित्सा का एक महत्वपूर्ण स्थान है। औषधि मानव ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण जीव जगत के लिए अमृत के तुल्य होती है। प्रस्तुत शोधपत्र में इनका विवेचन करने का प्रयास किया गया है।

60
मानवीय चेतना का जागरण : वेदोक्त उषस् के सन्दर्भ में

डॉ॰ करुणा आर्या
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग
दौलतराम कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय

karunaskt23@yahoo.com

उषस् (उषा) एक वैदिक देवी हैं। संस्कृत में, उषस् का मतलब "उदय" है। ऋग्वेद में, वह एक युवा स्त्री हैं जो स्वर्णिम रथ से आकाशमार्ग पर यात्रा करती हैं। वे भोर की देवी हैं। उषा को ऋग्वेद में एक शक्तिशाली देवी के रूप में माना जाता है और उनके महत्त्व का उल्लेख कई अन्य पवित्र ग्रन्थों में भी किया गया है। इसमें देवी शक्ति की शक्तियाँ भी शामिल हैं। उन्हें अन्य वैदिक देवताओं जैसे इन्द्र, वरुण, अग्नि, सूर्य और सोम के समकक्ष माना जाता है। आकाश में उषा देवी कई पवित्र गायों द्वारा खींचे जा रहे सुनहरे रथ में सवारी करती हैं और एक आश्चर्यजनक और अद्भुत उपस्थिति के साथ बहुत सुन्दर दीखती हैं। उनकी बहन, रात की देवी, निधि देवी है। उषा आकाश के पिता पवित्र द्यौस् की दिव्य बेटी हैं। महर्षि अरविन्द द्वारा उषा देवी की प्रशंसा की गई है। उत्तर भारत एवं नेपाल में छठ पूजा के त्यौहार के समय उनकी पूजा की जाती है। उनकी पूजा और प्रार्थना शक्ति देवी के रूप में भोर के समय की जा सकती है। उषा सूक्त ऋग्वेद के तृतीय मण्डल का ६१वाँ सूक्त है इसके ऋषि विश्वामित्र तथा देवता उषस् हैं। सम्पूर्ण सूक्त में त्रिष्टुप् छन्द का प्रयोग किया गया है। उषा को सत्य एवं सत्य का उच्चारण करने वाली तथा विशेष रूप में शोभायमान बताया गया है। उषा को सूर्य की प्रेरयित्री कहा गया है। रात्रि तथा उषा को दो बहनों के रूप में चित्रित किया गया है शिक्षा को सदा नवीन रहने के कारण "पुराणी युवतिः" भी कहा गया है। वार का मतलब

दिन से भी होता है अतः विश्ववारा का अर्थ प्रतिदिन भी हो सकता है। विशेष गुण वाली मरण धर्म से रहित है। उषादेवी के घोड़े की विशेषता बतलाते हुए यह कहा गया है कि ये प्रतिभाशाली और अच्छी प्रकार से नियन्त्रित हैं और यह स्वर्ण के समान दीप्तिमान हैं। संसार में इन अश्वों की भाँति हम भी जीवन में प्रतिभा शाली बनें। यह ही तुमको हमारे सम्मुख लाए हैं। उषा की प्रशंसा करते हुए विश्वामित्र ऋषि कहते हैं कि उषा देवी तुम मरण-धर्म से रहित हो तथा तुम विशेष रूप से सुशोभित हो जाओ मेरी यही कामना है। हम भी आपके जैसे हो जायें। तुम्हारी वाणी प्रिय है तथा तुम सत्य वाणी का उच्चारण करती हो। हम सब भी सत्य का आचरण करें। उषादेवी संसार के प्रत्येक मानवों को सन्देश दे रही हैं कि प्रातःकाल काल की मनोरम वेला में उठकर भजन, कीर्तन, एवं मन और शरीर को उत्तम स्वास्थ्य से समृद्ध करो।उषाकाल में मनुष्य जो याद करता है वह उसे सदा याद रहता है। अतः स्मरण कराने में नवचेतना प्रदान करने में उषस् का बहुत महत्व है। ऐसी देवी को नित्य प्रणाम करना चाहिए। इस प्रकार के अनेकों सन्देश उषा देती हैं। प्रस्तावित शोधपत्र में मानवीय सञ्चेतना को उषस् द्वारा किस प्रकार नवस्फूर्त, नवस्पंदित, नवजागृत किया गया है इस पर विचार किया जायेगा।

61
ऋग्वेद में नदियों की स्तुति

डॉ॰ ललिता जुनेजा
सेवानिवृत्त प्राचार्या
उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा

lkj0704@yahoo.in

वैदिक साहित्य मानव तथा प्रकृति के समन्वय का प्रतीक है, जहाँ प्राकृतिक तत्त्वों को देवता के रूप में निरूपित किया गया है। न केवल उनका सौंदर्य एवं स्तुति का यहाँ पर वर्णित है अपितु उनकी प्रकृति की उपासना से मानव- समाज और सम्पूर्ण प्राणिमात्र के कल्याण की कामना यहाँ पर देखने को मिलती है। वर्तमान प्राकृतिक असन्तुलन की चिन्ताजनक परिस्थिति में वैदिक साहित्य, वैश्विक समाज के लिए मार्गदर्शक हो मकता है। भारतीय ज्ञानगङ्गा रूपी वेदों में पर्यावरण संरक्षण के लिए वैज्ञानिक विवरण प्राप्त होते हैं। वेदों में धर्म, दर्शन, ज्ञान, विज्ञान, कला तथा मानव सभ्यता और संस्कृति का सुन्दर समन्वय प्राप्त होता है। मानव सभ्यता का सम्यक् दर्शन तथा मानवीय संस्कृति का समुचित ज्ञान नदियों के अवदान से ही सिद्ध होता है। प्राचीनकाल में समस्त मानव-सभ्यता का विकास नदियों के तट पर हुआ। मानव मनीषा का स्फुरण भी नदी तटों पर हुआ, जिससे ऋषियों के आश्रम का नदी संगम के साथ नित्य सम्बन्ध प्राप्त होता है। नदी-तटों पर ही महर्षियों ने अपने तपःपूत हृदय के द्वारा मानव जीवन

के दर्शन का अनुभव किया इसलिए भारतीय संस्कृति, ऋषि तथा नदी-संगम इन तीनों का घनिष्ठ सम्बन्ध है। ऋग्वेद के दशम मण्डल में नदी सूक्त में प्रैयमेध ऋषि के द्वारा सिन्धु नदी से प्रार्थना की गई है। नदी सूक्त की प्रारम्भिक ऋचा में जिस प्रकार मानव अपने आराध्य देव की स्तुति करता है, उसी प्रकार यहाँ भी सर्वकामदुघा नदियों का ऋषि के द्वारा संस्तवन किया जा रहा है। इस प्रकार समस्त ऋचाओं में नदियों का महत्त्व बताते हुए, स्तुति की गई है। जीवन का इहलोक तथा परलोक, परा तथा अपरा प्रत्येक प्रकार की विद्याओं के विषय में चिन्तन, मनन कर, पीढ़ी दर पीढ़ी ये ज्ञान प्रवाहित किया गया है। यह पुस्तकीय ज्ञान नहीं है, यह अनुभवजन्य ज्ञान है। यदि हम प्रकृति का संरक्षण करेंगे, तभी प्रकृति भी हमारी रक्षा करेगी। मानव और प्रकृति, वेदान्त की दृष्टि से देखें तो एक ही हैं। एकमात्र ब्रह्म ही है, सागर में लहरों की भाँति अनेकता, उसी में दृष्टिगत होती है।

62
ऋग्वेद में वर्णित मानव और प्रकृति का प्रथम संवाद 'विश्वामित्र-नदी संवाद' : आधुनिक परिप्रेक्ष्य

मनीष कुमार
शोधच्छात्र, संस्कृत विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

manish18december1995@gmail.com

वेद शब्द ज्ञानार्थक विद् धातु से घञ् प्रत्यय के योग से निष्पन्न हुआ है जिसका अर्थ 'ज्ञान' से लिया गया है। वेदभाष्यकार सायण के अनुसार इष्ट प्राप्ति और अनिष्ट परिहार ही वेद का मुख्य उदेश्य है। इसमें भी इष्ट्यर्थ अनिष्ट परिहार आवश्यक है। अनिष्टपरिहार के उपायों का निर्देश वेद (ज्ञान) से ही सम्भव है। अतः कह सकते हैं कि आधिभौतिक, आधिदैविक एवं आध्यात्मिक इष्टानिष्ट का सम्यक् ज्ञान और अनिष्ट-परिहार के लौकिक ही नहीं अलौकिक उपाय करना ही वेद का मुख्य धेय है। अनेक विशेषताओं, मान्यताओं और भाष्यों से विभूषित, मानित और ज्ञानवर्धित यह ज्ञान-राशि प्रकाशपुञ्ज की भाँति दशों दिशाओं में प्रकाशित हो रही है। मानव और प्रकृति का प्रथम संवाद हमें ऋग्वेद के तृतीय मण्डल के तैंतीसवें सूक्त के रूप में प्राप्त होता है। प्रस्तुत सूक्त को ही इस शोध-पत्र का आधार बनाया गया है। इसमें बताया गया है कि मानव और प्रकृति का तालमेल या परस्पर सहयोग ही मानव जीवन को सुलभ एवं देव तुल्य बना सकता है। प्रकृति हमारे ऊपर परोपकार करती है। यह मानव शरीर भी पञ्चमहाभूतों से ही निर्मित है इस कारण से जड़ कही जाने वाली प्रकृति भी हमारी पूर्वज ही हुई। इन सबको सञ्चालित करने वाला ब्रह्म भी एक तत्त्व है। अतः ब्रह्म द्वारा निर्मित प्रकृति का दोहन नहीं अपितु इनका पोषण हम सबको मिलकर करना चाहिए।

63

वैदिक साहित्य में वर्णित मानव-अभ्युदयार्थ मित्रदृष्टि

डॉ॰ मोहित कुमार मिश्रा
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

mmmishra1457@gmail.com

मानव सभ्यता और संस्कृति को जानने का सर्वप्राचीन और सर्वोत्तम साधन वेद हैं। वेद के आलोक में मनुष्य जीवन पुष्पित-पल्लवित होता रहा है। वैदिक ऋषियों ने ज्ञान-विज्ञान से लेकर प्रकृति के विविध तत्त्वों का वर्णन वेद में किया है। जहाँ प्रकृति को देवत्व के रूप में स्थापित किया गया है, प्रकृति का कण कण सार्वजनीन है। प्रकृति के पञ्चतत्त्वों की देव रूप में स्तुति हुई है। सार्वभौमिक प्रकृति के मूर्तीकरण का प्रतिनिधित्व करने वाली अदिति से उत्पन्न देवों में एक आदित्य है – 'मित्र'। 'मित्र' मरुद्गणों में से एक; सूर्य के लिए प्रयुक्त नाम है जिसका अर्थ निश्चित रूप से 'सूर्य' है क्योंकि 'वह पृथ्वी पर सर्वत्र सभी प्राणियों के लिए प्रकाश प्रसृत करता है और दिन-रात का आधार है। इस कारण यह सबका सहयोगी है, मित्र है। यही सहयोग भाव ही रूढ होकर मित्र (सखा) के रूप में लोक में प्रसिद्ध हो गया वा प्रयुक्त होने लगा। संस्कृत में मित्रता, अखण्डता और सद्भाव का प्रतिनिधित्व करने वाला वैदिक देवता 'मित्र' का वर्णन मिलता है। वैदिक साहित्य में लिखित मन्त्रों को देखें तो प्राणिमात्र के अभ्युदयार्थ मित्रदृष्टि स्पष्ट दृग्गोचर होती है (यजुर्वेद 36.18)।

64

त्रिगुणात्मिका प्रकृति - वैदिक और आधुनिक विज्ञान के परिपेक्ष्य में

डॉ॰ नीलम गौड
आत्माराम सनातनधर्म कॉलेज
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

neelam.gaur2299@gmail.com

महर्षि दयानंद सरस्वती का उद्घोष है की वेद सब सत्य विद्याओं की पुस्तक है। वेद में समस्त ज्ञान बीजरूप में उपलब्ध है, इसीलिए उन्होंने कहा- "वेदों की और लौटो।" प्रस्तुत शोधपत्र में त्रिगुणात्मिका प्रकृति को वैदिक और आधुनिक विज्ञान के सन्दर्भों से जानने का प्रयास किया गया है। सांख्य दर्शन में सृष्टि रचना के तत्वों के विषय में माना गया कि सत्व रजस् तमस् की साम्यावस्था ही प्रकृति है। जिस प्रकार संस्कृत साहित्य में प्रकृति के तीन गुण कहे गए हैं, उसी प्रकार आधुनिक भौतिक विज्ञान के अनुसार प्रकृति को ऊर्जा कहा गया है

और उसकी तीन अवस्थाएँ- सन्तुलित विश्रान्त अवस्था, गतिमय अवस्था तथा स्थिति विशेष अवस्था हैं। प्रस्तावित शोधपत्र में विभिन्न सन्दर्भों द्वारा प्रकृति के तीन गुणों का मानव पर प्रभाव का विवेचन करने का प्रयास किया जाएगा।

65

ऋग्वेदीय सृष्टि उत्पत्ति विषयक विवेचन

सुश्री ऋचा

पी॰ जी॰ डी॰ ए॰ वी॰ महाविद्यालय
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

richa@pgdav.du.ac.in

सृष्टि परिकल्पना को लेकर अनायास व सर्वप्रथम विचार मन में उत्पन्न होता है कि यह दृश्य जगत् कहाँ से आया? इसका निर्माणकर्त्ता कौन है ? इसको बनाने का विचार क्यों किया? इत्यादि अनेक प्रश्न उत्पन्न होते हैं। इसका समाधान क्या है? यह सृष्टि-क्रम और इसकी जिज्ञासाएँ अनन्त हैं। इस विषय से सम्बन्धित जिज्ञासाएँ वेदों में दृष्टिगोचर होती हैं। इस विषय पर समुपस्थित नासदीय सूक्त की यह जिज्ञासा विश्व प्रसिद्ध है कि "यह विविध सृष्टि किससे उत्पन्न हई, किसलिए हुई, इसे वस्तुतः कौन जानता है ? अथवा कौन कह सकता है? देवता भी इस सृष्टि के बाद हुए फिर जिससे भी यह सृष्टि उत्पन्न हुई उसे कौन जानता है? जिससे द्यावा-पृथिवी बनी वह वृक्ष कौन था और किस वन में था, इसे कौन जानता है? इन सबका अध्यक्ष परमाकाश में है, वही इसे जानता है अथवा वह भी जानता है या नहीं, इस कौन जाने?" सृष्टि के ज्ञान को प्रत्यक्ष और अनुमान प्रमाण द्वारा नहीं ज्ञात किया जा सकता है। ऋग्वैदिक संहिता में वाग् सूक्त, पुरुष सूक्त, नासदीय सूक्त तथा अन्य अनेक मन्त्र जो सृष्टि विषयक चिन्तन की अवधारणा को सूत्र रूप में समाहित किए हुए हैं। इन स्रोतों के आधार पर प्रस्तावित शोधपत्र में सृष्टि, उत्पत्ति, प्रलय, ब्रह्मा, प्रजापति, आदिपुरुष, पञ्च-तत्त्व, ब्रह्म से विश्व की उत्पत्ति, विराद्पुरुष से विश्व की उत्पत्ति, प्रजापति क्रम से विश्व की उत्पत्ति आदि की विवेचना करने का प्रयास किया जाएगा।

66

भरद्वाज ऋषि द्वारा दृष्ट मन्त्रों में प्राकृतिक बिम्ब

पिण्टू कुमार
शोधच्छात्र, संस्कृत विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

pintukumarsanskrit@gmail.com

वेद, विश्व के सबसे प्राचीन साहित्य हैं। वैदिक ग्रन्थों में हमारे ऋषि- मुनियों ने अपने तपोबल से मन्त्रों का दर्शन किया। इन दृष्ट मन्त्रों में विभिन्न प्राकृतिक विषयों का समावेश रहा है। जिसके अन्तर्गत जल, वायु, आकाश, मिट्टी, पेड़-पौधे, नदी, पर्वत, झरने, तालाब, समुद्र, खनिज, अनाज, फल, फूल आदि वह सभी तत्त्व प्राकृतिक है। इस शोधपत्र में महर्षि भरद्वाज दृष्ट मन्त्रों में प्राकृतिक बिम्ब से सम्बन्धित विषयों को प्रस्तुत किया जाएगा।

67

वैदिक परम्परा में मनुष्य और प्रकृति : आधुनिक परिप्रेक्ष्य

डॉ० संगीता कुमारी
असिस्टेंट प्रोफेसर
संस्कृत एवं वेदाध्ययन विभाग
देवसंस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार

kmrsangeeta1@gmail.com

'वेद' भारतीय धर्म तथा दर्शन के प्राण हैं। वैदिक साहित्य समाज का समग्र चित्रण प्रस्तुत करता है, जिसमें मनुष्य और प्रकृति भी है। भारतीय परम्परा में प्रकृति को जीवनदात्री माना गया है। वैदिक मतानुसार प्रकृति के घटकों में समन्वय होना ही सुख, शान्ति व समृद्धि का आधार है। एक स्वस्थ पर्यावरण एक स्थिर और स्वस्थ मानव समाज की नींव है। प्राकृतिक घटकों के नाम अग्नि, वायु व वरूण इत्यादि के नाम पर रखे गये हैं। इसका उद्देश्य अग्नि, वायु व वरुण आदि के महत्व को रेखाङ्कित करते हुए घटक की पवित्रता स्थापित करना है। ताकि मानव समाज प्रकृति संरक्षण को धर्म की आज्ञा मानकर इसमें अपना योगदान ईश्वरीय सेवा समझकर दे। यह भाव ही प्रकृति के घटकों अर्थात पर्यावरण संरक्षण का बुनियादी आधार बनता है। वस्तुत: वैदिक परम्परा में मनुष्य और प्रकृति का अटूट एवं शाश्वत सम्बन्ध बताया गया है और आधुनिक परिप्रेक्ष्य में भी ऐसे ही सम्बन्ध की आवश्यकता है। प्रकृति संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 28 जुलाई को 'विश्व प्रकृति संरक्षण

दिवस' मनाया जाता है। प्रकृति के साथ मधुर सम्बन्ध का यह यजुर्वेदीय भाव उल्लेखनीय है कि 'मधुर वायु हमारे लिए संचरण करें, नदियों में मधुर जल भरा रहे। सभी औषधियाँ मधुरता से युक्त हों। रात और दिन मधुर हों, पृथ्वी का अणुमात्र भूमिकण मधुरता से युक्त हो। अंतरिक्ष हमारे लिए माधुर्यपूर्ण हो (यजुर्वेद 13.27-29)।'

68

वैदिक वाङ्मय में जल विमर्श : आधुनिक परिप्रेक्ष्य

सपना
शोधकर्त्री, संस्कृत विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय

diwakersapna4@gmail.com

'वेद' भारतीय धर्म तथा दर्शन के प्राण हैं। वैदिक साहित्य समाज का समग्र चित्रण प्रस्तुत करता है, जिसमें मनुष्य और प्रकृति भी है। भारतीय परम्परा में प्रकृति को जीवनदात्री माना गया है। वैदिक मतानुसार प्रकृति के घटकों में समन्वय होना ही सुख, शान्ति व समृद्धि का आधार है। एक स्वस्थ पर्यावरण एक स्थिर और स्वस्थ मानव समाज की नींव है। प्राकृतिक घटकों के नाम अग्नि, वायु व वरूण इत्यादि के नाम पर रखे गये हैं। इसका उद्देश्य अग्नि, वायु व वरुण आदि के महत्व को रेखाङ्कित करते हुए घटक की पवित्रता स्थापित करना है। ताकि मानव समाज प्रकृति संरक्षण को धर्म की आज्ञा मानकर इसमें अपना योगदान ईश्वरीय सेवा समझकर दे। यह भाव ही प्रकृति के घटकों अर्थात पर्यावरण संरक्षण का बुनियादी आधार बनता है। वस्तुत: वैदिक परम्परा में मनुष्य और प्रकृति का अटूट एवं शाश्वत सम्बन्ध बताया गया है और आधुनिक परिप्रेक्ष्य में भी ऐसे ही सम्बन्ध की आवश्यकता है। प्रकृति संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 28 जुलाई को 'विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस' मनाया जाता है। प्रकृति के साथ मधुर सम्बन्ध का यह यजुर्वेदीय भाव उल्लेखनीय है कि 'मधुर वायु हमारे लिए संचरण करें, नदियों में मधुर जल भरा रहे। सभी औषधियाँ मधुरता से युक्त हों। रात और दिन मधुर हों, पृथ्वी का अणुमात्र भूमिकण मधुरता से युक्त हो। अंतरिक्ष हमारे लिए माधुर्यपूर्ण हो (यजुर्वेद 13.27-29)।'

69

वेद में पारिस्थितिक तन्त्र का चिन्तन एवं उसका आधुनिक परिप्रेक्ष्य

स्मृति बाला
शोधकर्त्री, संस्कृत विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय

smriti29bala@gmail.com

वैदिक चिन्तन मानव एवं प्रकृति के सम्बन्ध के गहन विश्लेषण पर आधारित है। प्रकृति के सभी घटकों के प्रति सजगता एवं पारिस्थितिक तन्त्र के सन्तुलन की आवश्यकता पर प्रारम्भिक चिन्तन वेद में प्राप्त होता है। स्थलमण्डल, जलमण्डल एवं वायुमण्डल का जैवीय और अजैवीय घटकों के साथ पारस्परिक सम्बन्ध ही पारिस्थितिक तन्त्र है। अथर्ववेद के एक मन्त्र में वर्णन किया गया है कि पर्यावरण के तीन घटक तत्त्व हैं- जल वायु और ओषधियाँ अर्थात् वृक्ष और वनस्पति। इनके विषय में कहा गया है कि ये भूमि को घेरे हुए हैं। जीवन की रक्षा के लिए इन तत्त्वों की अत्यन्त आवश्यकता है। अथर्ववेद में पर्यावरण का महत्व बताते हुए कहा गया है कि जहाँ पर्यावरण शुद्ध होता है वहाँ मनुष्य, पशु-पक्षी आदि सभी सुखपूर्वक जीवित रहते हैं (अथर्ववेद 8.2.25)। वर्तमान में पूरा विश्व पर्यावरण की समस्याओं से घिरा हुआ है। वैश्विक ताप में वृद्धि, हिमखण्डों के पिघलने से बढ़ता जलस्तर, जलवायु परिवर्तन, मौसम की अनियमितता, अतिवृष्टि अनावृष्टि की समस्या, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, भूमि प्रदूषण इत्यादि समस्याएँ मानव सभ्यता पर प्रश्नचिन्ह अङ्कित कर रही हैं। इन समस्याओं का समाधान मनुष्य का पर्यावरण के प्रति सजगता और अपने दायित्वों के प्रति कर्तव्यनिष्ठा पर आधारित है। वेद इस स्थिति का सम्यक् उद्घाटन करता है।

70

वैदिक परम्परा में मनुष्य और प्रकृति : आधुनिक परिप्रेक्ष्य में

सुमित कुमार पाण्डेय
शोध-छात्र, संस्कृत विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय

pandeysumit289@gmail.com

